# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 09.11.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने जोनल अफसर को दिया प्रशस्ति पत्र

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को सभागार में मानचित्र दिवस कैंप में अधिक नक्शा और अधिक शमन राशि जमा कराने वाले जोनल अधिकारी, अभियंता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर नियोजक प्रभात कुमार ने बताया कि जोन एक ने शमन शुल्क 55 लाख 10481 रुपये और कुल 18 मानचित्र स्वीकृत कराए। जोन दो ने शमन शुल्क दो करोड़ 42 लाख 23893 रुपये और कुल 18 मानचित्र, जोन तीन ने शमन शुल्क 70 लाख 96890 रुपये और कुल 16 मानचित्र, जोन चार ने शमन शुल्क एक करोड़ 34 लाख 83462 रुपये और कुल 12 मानचित्र, जोन पांच ने शमन शुल्क 48 लाख 29115 रुपये और कुल पांच मानचित्र स्वीकृत कराए। जोन एक के जोनल



जोनल अधिकारी संजीव कुमार को सम्मानित करते वीडीए वीसी पुलकित गर्ग व नगर नियोजक प्रभात कुमार • वीडीए

अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश और अवर अभियंता अतुल मिश्रा, एसोसिएट इंजीनियर सुशील यादव और जोन दो के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार, एसोसिएट इंजीनियर सूरज यादव को सम्मानित किया गया।

## दैनिक जागरण–दि0 09.11.2024

### वीडीए ने सील किया दो अवैध निर्माण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन दो के जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि सारनाथ वार्ड के हिरावनपुर गांव में राजेश पटेल अवैध निर्माण कर रहे थे। अवर अभियंता विनोद कुमार ने अवैध निर्माण बंद करने के साथ वीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराने को कहा था लेकिन निर्माण जारी रहा। अवैध निर्माण सील करने के साथ सारनाथ पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। जोनल अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि भेलूपुर वार्ड के तुलसीपुर में रवींद्र जायसवाल अवैध तरीके से तीन मंजिल अवैध निर्माण कर रहे थे। उसे सील करने के साथ भेलूपुर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 09.11.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने दिए प्रशस्ति पत्र

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडीए में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा के संबंध में बैठक हुई। वीडीए उपाध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिए। सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने वाले जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा, एसोसिएट इंजीनियर सुशील यादव को सम्मानित किया। सर्वाधिक शमन मानचित्र और शमन शुल्क जमा कराने वाले जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार, एसोसिएट इंजीनियर सूरज यादव को भी प्रशस्ति पत्र दिए। जोन वन में 18 मानचित्र स्वीकृत करने के साथ 55.10 लाख शमन शुल्क जमा कराया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 09.11.2024

### वीडीए ने दो अवैध निर्माण सील कर पुलिस को सौंपे

**वाराणसी।** भेलूपुर वार्ड निवासी रविंद्र कुमार जायसवाल के तुलसीपुर में बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध निर्माण को वीडीए ने शुक्रवार को सील कर दिया। इसे पुलिस अभिरक्षा में दे दिया। इसके लिए नोटिस भी दिया गया था। उधर सारनाथ वार्ड के राजेश पटेल ने हिरामनपुर में बगैर मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कराया था। नोटिस के बावजूद भी काम कराने पर अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में दे दिया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 09.11.2024

### सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृत कराने पर सम्मानित

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को सबसे ज्यादा मानचित्र जमा कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया। मानचित्र दिवस पर कैंप में अक्तूबर में जमा शमन शुल्क और मानचित्र स्वीकृत होने के आधार पर यह सम्मान दिया गया। इनमें जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, संजीव कुमार, जेई अतुल मिश्रा, विनोद कुमार, एसो. इंजीनियर सुशील रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 09.11.2024

### मोतीझील के पास अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** वीडीए ने शुक्रवार को मोतीझील के पास बिना मानचित्र के तीन मंजिला निर्माण सील कर भेलूपुर थाना की निगरानी में सौंपा। इस दौरान जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, जेई राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे। सारनाथ के हिरामनपुर में 92 वर्गमीटर में बिना मानचित्र दो मंजिला भवन बनाने पर सीलिंग की कार्यवाई हुई।

न्यायाधीश–दि0 09.11.2024

## वाविप्रा की जोन -2 की प्रवर्तन टीम ने सील किया अवैध निर्माण



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत 08.नवम्बर को वार्ड- सारनाथ के अन्तर्गत श्री राजेश पटेल द्वारा मौजा-हिरामनपुर, द्वारा लगभग 92 वर्गमीटर में बिना मानचित्र जी+1 निर्माण बिना स्वीकृत कराये हो रहे अनाधिकृत निर्माण के विरूध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27, 28 (ग) व 28 (गग) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी,परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा लगातार कार्य किये जाने पर उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर थाना - सारनाथ की सतत निगरानी हेतु सौप दिया गया।इस मौके पर जोनल अधिकारी श्री संजीव कुमार अवर अभियंता श्री विनोद कुमार, मौजूद रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

न्यायाधीश–दि0 09.11.2024

## वीडीए जोन-4 ने सील किया अवैध निर्माण




वाराणसी।वाविप्रा उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। 08.नवम्बर को वार्ड- भेलूपुर के अन्तर्गत रविन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा अराजी सं- 82/3 व 85, मौजा-तुलसीपुर, द्वारा बिना मानचित्र बी+जी+2 निर्माण बिना स्वीकृत कराये हो रहे अनाधिकृत निर्माण के विरूध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27, 28 (ग) व 28 (गग) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, जिसके कारण अनधिकृत निर्माण के विरूद्ध दिनाक 21.10.2024 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा लगातार कार्य किये जाने पर उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर थाना -भेलूपुर की सतत निगरानी हेतु सौप दिया गया।जोनल अधिकारी श्री प्रमोद तिवारी अवर अभियंता श्री राकेश कुमार सिंह, मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 09.11.2024

## मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा के सम्बन्ध में बैठक आयोजित



वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा के सम्बन्ध में बैठक की गयी। ज़ोनवार माह अक्टूबर में जमा शमन शुल्क व मानचित्र स्वीकृत का विवरण निम्न है - जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 55 लाख 10 हजार 481 तथा कुल 18 मानचित्र स्वीकृत किये गये । जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 2 करोड़ 42 लाख 23 हजार 893 रुपए तथा कुल 18 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।जोन- 3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 70 लाख 96 हजार 890 रुपए तथा कुल 16 मानचित्र स्वीकृत किये गये । जोन-4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 1 करोड़ 34 लाख 83 हजार 462 रुपए तथा कुल 12 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।जोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 48 लाख 29 हजार 115 रुपए तथा कुल 05 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।उक्त विवरण के अनुसार जोन-1 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने एव जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश अवर अभियंता अतुल मिश्रा, एसोसियट इंजीनियर सुशील यादव जोन-2 द्वारा सर्वाधिक शमन मानचित्र व शमन शुल्क जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता विनोद कुमार,एसोसियट इंजीनियर सूरज यादव को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके कार्य की सराहना भी की गयी । उपाध्यक्ष द्वारा निर्देश दिया गया है कि जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत कराये व शमन शुल्क जमा कराये व सुपरवाईजर का क्षेत्र निर्धारित किया जाये और यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाते है तो वह सम्बंधित क्षेत्र के सुपरवाईजर की ज़िम्मेदारी तय की जाएगी । बैठक के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 09.11.2024

### जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत करा शमन शुल्क जमा कराएं : वीसी पुलकित गर्ग

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण सभागार में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जोन-1 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने एव जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश अवर अभियंता अतुल मिश्रा, एसोसियट इंजीनियर सुशील यादव जोन-2 द्वारा सर्वाधिक शमन मानचित्र व शमन शुल्क



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने सर्वाधिक शमन मानचित्र व शमन शुल्क जमा कराए जाने पर कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता विनोद कुमार, एसोसियट इंजीनियर सूरज यादव को उपाध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके कार्य की सराहना भी की गयी। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्देश दिया कि जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत कराये व शमन शुक्ल जमा कराये। सुपरवाईजर का क्षेत्र निर्धारित किया जाये और यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाते है तो वह सम्बंधित क्षेत्र के सुपरवाईजर की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 09.11.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने की बैठक

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा के सम्बन्ध में बैठक की गयी । जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 55 लाख 10 हजार 481 तथा कुल 18 मानचित्र स्वीकृत किये गये । जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 2 करोड़ 42 लाख 23 हजार 893 रुपए तथा कुल 18 मानचित्र स्वीकृत किये गये । जोन-3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 70 लाख 96 हजार 890 रुपए तथा कुल 16 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन-4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 1 करोड़ 34 लाख 83 हजार 462 रुपए तथा कुल 12 मानचित्र स्वीकृत किये गये । जोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 48 लाख 29 हजार 115 रुपए तथा कुल 05 मानचित्र स्वीकृत किये गये । उक्त विवरण के अनुसार जोन-1 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने एव जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश अवर अभियंता अतुल मिश्रा, एसोसियट इंजीनियर सुशील यादव जोन-2 द्वारा सर्वाधिक शमन मानचित्र व शमन शुल्क जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता विनोद कमार,एसोसियट इंजीनियर सूरज यादव को उपाध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके कार्य की सराहना भी की गयी। उपाध्यक्ष द्वारा निर्देश दिया गया है कि जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत कराये व शमन शुक्ल जमा कराये द्य सुपरवाईजर का क्षेत्र निर्धारित किया जाये और यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाते है तो वह सम्बंधित क्षेत्र के सुपरवाईजर की जिम्मेदारी तय की जाएगी । बैठक के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।

परफेकट मिशन–दि0 09.11.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में मानचित्र सम्बंधित हुई बैठक

❑ जोन 1 और जोन 2 के जोनल अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**परफेक्ट मिशन**



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में शुक्रवार को मानचित्र दिवस कैंप में मानचित्र जमा के सम्बन्ध में बैठक की गयी।बैठक में ज़ोनवार माह अक्टूबर में जमा शमन शुल्क व मानचित्र स्वीकृत का विवरण जिसमें जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 55 लाख 10 हजार 481 तथा कुल 18 मानचित्र स्वीकृत किये गये द्य जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 2 करोड़ 42 लाख 23 हजार 893 रुपए तथा कुल 18 मानचित्र स्वीकृत किये गये।

जोन- 3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 70 लाख 96 हजार 890 रुपए तथा कुल 16 मानचित्र स्वीकृत किये गये। जोन- 4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 1 करोड़ 34 लाख 83 हजार 462 रुपए तथा कुल 12 मानचित्र स्वीकृत किये गये द्यजोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 48 लाख 29 हजार 115 रुपए तथा कुल 05 मानचित्र स्वीकृत किये गये। उक्त विवरण के अनुसार जोन-1 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने एव जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश अवर अभियंता अतुल मिश्रा, एसोसियट इंजीनियर सुशील यादव जोन-2 द्वारा सर्वाधिक शमन मानचित्र व शमन शुल्क जमा कराये जाने पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता विनोद कुमार,एसोसियट इंजीनियर सूरज यादव को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके कार्य की सराहना भी की गयी।इस दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा निर्देश दिया गया कि जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत कराये व शमन शुक्ल जमा कराये द्य सुपरवाईजर का क्षेत्र निर्धारित किया जाये और यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाते है तो वह सम्बंधित क्षेत्र के सुपरवाईजर की ज़िम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।